एफ.सं. 9-3/2013-टीएस-IV
भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)

निदेशक, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के पद हेतु विज्ञापन

देश में तकनीकी शिक्षा की गुणात्मक वृद्धि हेतु चेन्नई, भोपाल, कोलकाता और चंडीगढ़ में चार राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) अवस्थित हैं। इन संस्थानों को तकनीकी शिक्षा शिक्षकों को प्रशिक्षित करने, पाठ्यचर्या और संस्थागत संसाधनों का विकास, राष्ट्रीय, राज्य सरकारों तथा तकनीकी संस्थानों की सहायता और संबंधित प्रक्रियाओं तथा उत्पादों इत्यादि के सुधार का अधिदेश है। ये संस्थान सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत् पंजीकृत स्वायत्त सोसायटियां हैं और केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णत: वित्त-पोषित हैं।

भारतीय राष्ट्रिकों से निदेशक, एनआईटीटीटीआर, कोलकाता के पद, जिसमें 75000/- रूपये निर्धारित वेतन, जमा 5000/- रूपये विशेष भत्ता, जमा लागू अन्य भत्ते शामिल हैं, पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। निदेशक केन्द्र सरकार द्वारा संविदा आधार पर नियुक्त किया जाएगा और उसका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष का होगा। साधारणत: कार्यकाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संकाय पर लागू सामान्य सेवानिवृत्ति की आयु से आगे बढ़ाया नहीं जाएगा।

आयु:

पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु प्राथमिकत: 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।

न्यूनतम अर्हताएं और अनुभव:

इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी अथवा अनुप्रयुक्त विज्ञान में नियमित प्रोफेसर के साथ शिक्षण/उद्योग/अनुसंधान के क्षेत्र में 15 वर्ष के कुल अनुभव।

वांछनीय:

क) जिम्मेदार पद पर प्रशासनिक अनुभव;
ख) उच्च स्तर का अनुसंधान कार्य प्रकाशित हो; और
ग) पेशेवर निकायों की सदस्यता

आवेदन, विस्तृत शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताओं और अनुभव के साथ पूरा बायोडाटा प्रस्तुत करते हुए, प्रकाशनों के विवरण, जन्म तिथि, डाक तथा ई-मेल पता, संपर्क नं. इत्यादि के साथ सफेद कागज पर टंकित पंजीकृत/स्पीट पोस्ट द्वारा अवर सचिव (टीएस-4), उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कमरा सं. 403-ए, सी-विंग, शास्त्री भवन नई दिल्ली-110115 को भेजें ताकि आवेदन 03.10.2013 तक उनके पास पहुंच जाए। सरकारी विभाग/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत् व्यक्ति अपना आवेदन उपयुक्त माध्यम द्वारा प्रस्तुत करें। आवेदन प्रस्तुत करने के विवरण और प्रपत्र हेतु इस विभाग की वेबसाइट- http://mhrd.gov.in/ देखें।

******

निदेशक, एनआईटीटीटीआर, कोलकाता के पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का प्रपत्र

1) नाम (स्पष्ट अक्षरों में)

2) पिता/पति का नाम

3) अभ्यर्थी का वर्तमान डाक का पता (स्पष्ट अक्षरों में)

4) ई-मेल:

5) दूरभाष क) मोबाइल: ख) लैंडलाइन: ग) फैक्स:

6) राष्ट्रीयता:

7) जन्म तिथि:

8) श्रेणी: अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अन्य (कृपया स्पष्ट करें)

9) सेवानिवृत्ति की तिथि (सरकारी विभाग/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अभ्यार्थियों हेतु)

10) **शैक्षिक अर्हताएं:** मैट्रिक से, सारणीबद्ध रूप में, जैसा नीचे दर्शाया गया है

पाठ्यक्रम/स्तर का नाम	संस्थान जहां अध्ययन किया और विश्वविद्यालय/बोर्ड जहां से उत्तीर्ण किया	समग्र अंकों का प्रतिशत	अध्ययन/विशेषज्ञता के विषयों का संक्षिप्त विवरण

प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जाएं

11) **वर्तमान नियोक्ता** के प्रधान के साथ-साथ प्रशासनिक प्रभारी का उनके फोन/फैक्स/ई-मेल के साथ पदनाम और डाक का पता:

12) **पिछले सभी नियोजनों की सूची-सबसे पहले अंतिम, सारणीबद्ध रूप में जैसा नीचे दिया गया है** (प्रत्येक नियुक्ति के लिए नई सारणी बनाएं)

क्र.सं.	**विवरण**	**ब्यौरे**
1.	पिछले नियोक्ता का नाम/पता/संपर्क नं:	
2.	पद का पदनाम	
3.	आहरित वेतन (कृपया पद का वेतनमान, ग्रेड पे और अंतिम आहरित मूल वेतन का उल्लेख करें)	
4.	पद से संबद्ध अकादमिक कार्य	
5.	क्या प्रशासनिक कार्य किए गए (निदेशक, कुलसचिव, अथवा डीन के पद पर)। कृपया इसकी अवधि दर्शाएं।	

13) कृपया सारणीबद्ध प्रपत्र में निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करें:-

अपने नाम* से प्रकाशित पेपरों की संख्या	**संयुक्त* नाम से प्रकाशित पेपरों की संख्या**	**सेमिनार/कार्यशाला$ में प्रस्तुत पेपरों की संख्या**	**निर्देशित पी.एच.डी. छात्रों की संख्या जिन्होंने पीएचडी# पहले ही प्राप्त कर ली है**

* संलग्नक के रूप में कृपया संबंधित जर्नल में प्रकाशन का संपूर्ण संदर्भ शामिल करें।

$ संलग्नक के रूप में कृपया संक्षिप्त ब्यौरे शामिल करें।

संलग्नक के रूप में कृपया छात्र का नाम और शोधग्रन्थ के विषय शामिल करें।

14) पेशेवर निकायों की सदस्यता

15) दो संदर्भितों का नाम, पता और दूरभाष (अभ्यर्थी से संबंधित न हों)

16) कोई अन्य संबंधित सूचना

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान:
दिनांक: